Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : / **M-7** / दिनांक :

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 02.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन टंकी फाउंडेशन बना जलाशय: निर्माण कार्य ठप, फैल रही गंदगी; बच्चों-मवेशियों को खतरा" के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण दिनांक 02.09.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशन टंकी फाउंडेशन बना जलाशय: निर्माण कार्य ठप, फैल रही गंदगी; बच्चों-मवेशियों को खतरा"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–धाता अन्तर्गत परसिद्धपुर पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 गायत्री–रैमकी (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर टयूबवेल पूर्ण तथा वितरण प्रणाली 05% पूर्ण है। बारिश के कारण अवर जलाशय के फाउण्डेशन में पानी भर गया है जिसकी निकासी हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। शासन द्वारा धनावन्टन न होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित थी। वर्तमान में धनावन्टन की प्रक्रिया प्रगति पर है। योजना पर धनावन्टन के उपरान्त योजना के अवशेंष कार्यो को पूर्ण कराकर ग्राम में पूर्ण क्षमता से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता